उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,
पिकप भवन, तृतीय तल, गोमतीनगर,
लखनऊ – 226010

संख्या- 29 /07/कम्प्यूटर अनुभाग (बारह)/2020/2023/06-परीक्षा/2019

लखनऊ : दिनांक : 03 मार्च, 2023

आवश्यक सूचना

आयोग के विज्ञापन संख्या-06-परीक्षा/2019, सहायक बोरिंग टेक्नीशियन (सा0च0) प्रतियोगितात्मक परीक्षा-2019 के अंतर्गत मुख्य अभियंता, लघु सिंचाई विभाग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के नियंत्रणाधीन सहायक बोरिंग टेक्नीशियन के कुल 486 पदों पर चयन हेतु लिखित परीक्षा दिनांक 03-07-2022 को प्रदेश के लखनऊ, वाराणसी व बरेली जनपद में आयोजित की गयी थी।

सूच्य है कि अधियाचनकर्ता विभाग द्वारा उपलब्ध करायी गयी सूचना के आधार पर प्रश्नगत विज्ञापन के अंतर्गत रिक्त 486 पदों का श्रेणीवार (ई0डब्ल्यू0एस0 श्रेणी सहित) विवरण निम्नवत है:-

क्र.सं.	विभाग का नाम	पद नाम	पदों की संख्या					
			अनारक्षित	अनुसूचित जाति	अनुसूचित जनजाति	अन्य पिछड़ा वर्ग	ई0 डब्ल्यू0 एस0	कुल पद
1	मुख्य अभियंता, लघु सिंचाई विभाग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।	सहायक बोरिंग टेक्नीशियन	200	101	08	129	48	486

सूच्य है कि मूल अधियाचन में दिये गये क्षैतिज आरक्षणवार पदों की संख्या में किसी परिवर्तन की सूचना विभाग द्वारा उपलब्ध नहीं करायी गयी है। अतः क्षैतिज आरक्षणवार आरक्षित पदों की संख्या विज्ञापन के अनुसार यथावत है।

आयोग के विज्ञापन संख्या-06-परीक्षा/2019, सहायक बोरिंग टेक्नीशियन (सा0च0) प्रतियोगितात्मक परीक्षा-2019 के अंतर्गत रिक्त उपर्युक्तानुसार 486 पदों के सापेक्ष आयोजित लिखित परीक्षा के स्कोर के आधार पर श्रेणीवार 2 गुना (समान कटऑफ अंक प्राप्त करने वाले सभी अभ्यर्थियों को सम्मिलित करते हुये) के अनुसार 2832 अभ्यर्थियों का अर्हता/अभिलेख परीक्षण हेतु परिणाम एवं कटऑफ अंक मा0 आयोग के निर्णय दिनांक 03-03-2023 द्वारा अनुमोदित किया गया है। उक्त अभ्यर्थियों के अर्हता/अभिलेख परीक्षण हेतु सूचना यथासमय पृथक से प्रकाशित की जाएगी।

अर्हता/अभिलेख परीक्षण हेतु अर्ह अभ्यर्थियों का उक्त परिणाम अन्तिम चयन परिणाम नहीं है। अतएव अर्हता/अभिलेख परीक्षण हेतु घोषित इस परिणाम में सम्मिलित होने के आधार पर अन्तिम चयन हेतु किसी प्रकार का दावा स्वीकार नहीं किया जाएगा। चयन सम्बन्धी अन्तिम परिणाम अर्हता/अभिलेख परीक्षण के उपरांत यथासमय घोषित किया जायेगा।

तदनुक्रम में अभ्यर्थियों को एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि प्रश्नगत विज्ञापन के अंतर्गत लिखित परीक्षा के स्कोर के आधार पर उपरोक्तानुसार अर्हता/ अभिलेख परीक्षण हेतु चिन्हित 2832 अभ्यर्थियों का ऑनलाइन परिणाम तथा गोपन अनुभाग के पत्र संख्या-805/गोपन/01/8/2023, दिनांक 03-03-2023 द्वारा संसूचित उक्त परिणाम से संबन्धित कट ऑफ अंक (01 पृष्ठ) यथावत आयोग की वेबसाइट **http://upsssc.gov.in** पर अपलोड कर दी गयी है। सम्बन्धित अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइट के **Home Page** पर उपलब्ध **Results Segments** पर जाकर वांछित प्रविष्टियां अंकित कर अपना ऑनलाइन परिणाम देख सकते हैं।

संलग्नक- यथोपरि।

03/03/2023

(अवनीश सक्सेना)
सचिव।

उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
पिकप भवन, तृतीय तल, गोमतीनगर, लखनऊ।
संख्याः– 805/गोपन/01/8/2023
लखनऊः दिनांक 03 मार्च, 2023

आयोग के विज्ञापन संख्या–06–परीक्षा/2019, सहायक बोरिंग टेक्नीशियन (सा0च0) प्रतियोगितात्मक परीक्षा–2019 के अंतर्गत सहायक बोरिंग टेक्नीशियन पदों हेतु लिखित परीक्षा के आधार पर अर्हता/अभिलेख परीक्षण के लिये चिन्हित अभ्यर्थियों का श्रेणीवार कट–ऑफ अंक निम्नवत हैः–

लंबवत आरक्षण

क्रम सं०	श्रेणी	लिखित परीक्षा के आधार पर कटऑफ अंक
1	अनारक्षित	54.00
2	अनुसूचित जाति	54.00
3	अनुसूचित जनजाति	41.75
4	अन्य पिछड़ा वर्ग	54.00
5	आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग	54.00

क्षैतिज आरक्षण

क्रम सं०	श्रेणी	लिखित परीक्षा के आधार पर कटऑफ अंक
1	स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के आश्रित	48.50
2	सैन्य वियोजित /भूतपूर्व सैनिक	07.00
3	महिला	35.75
4	विकलांग	शारीरिक रूप से विकलांग व्यक्ति भर्ती हेतु पात्र नहीं।

03/03/2023

(अवनीश सक्सेना)
सचिव।